भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 919

(दिनांक 09.02.2023 को उत्तर के लिए)

रोजगार मेलों के दौरान नियुक्ति पत्रों का वितरण

919. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की स्थिति तक केन्द्र सरकार द्वारा रोजगार मेलों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) रोजगार मेलों के दौरान नियुक्ति पत्र सौंपे गए अभ्यर्थियों की संख्या का समूह-वार और विभाग-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) रोजगार मेलों के दौरान नियुक्ति पत्र सौंपे गए अनुसूचित जाति, अनसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों की कुल संख्या का श्रेणी-वार और समूह-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) चालू वर्ष सहित विगत पांच वर्षों में सरकार द्वारा भरी गई कुल रिक्तियों का वर्ष-वार और विभाग-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क), (ख) और (ग) : रोजगार मेला कार्यक्रम आज की तारीख तक तीन चरणों में आयोजित किए गए हैं और अब तक विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू)/स्वायत्तशासी निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि द्वारा लगभग 2.18 लाख नवनियुक्त कर्मियों को शामिल किया गया था। उन मंत्रालयों/विभागों की सूची संलग्न है जहां नवनियुक्त कर्मियों को शामिल किया गया है।

(घ) : रिक्त पदों पर भर्ती करना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों एवं उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में कर्मचारी की सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र, मृत्यु, पदोन्नति आदि के कारण रिक्तियाँ उत्पन्न होती हैं। संबंधित मंत्रालय और विभाग इन ब्यौरों का रख-रखाव करते हैं और नियमों के अनुसार, इन रिक्तियों को या तो प्रत्यक्ष रूप से या भर्ती अभिकरणों के माध्यम से भरते हैं।

संलग्नक

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग
1	संसदीय कार्य मंत्रालय
2	उपभोक्ता मामले विभाग
3	पर्यटन मंत्रालय
4	भारी उद्योग विभाग
5	स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
6	अंतरिक्ष विभाग
7	खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग
8	रक्षा मंत्रालय
9	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
10	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
11	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
12	इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
13	व्यय विभाग
14	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
15	कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
16	जनजातीय कार्य मंत्रालय
17	मत्स्य पालन विभाग
18	जल संसाधन विकास और गंगा संरक्षण विभाग
19	परमाणु ऊर्जा विभाग
20	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
21	नागरिक उड्डयन मंत्रालय
22	उच्च शिक्षा विभाग
23	कोयला मंत्रालय
24	दूरसंचार विभाग
25	सार्वजनिक उद्यम विभाग
26	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
27	ग्रामीण विकास विभाग
28	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
29	दिव्यांगजन सशक्ति विभाग
30	सूचना और प्रसारण मंत्रालय
31	विधि और न्याय मंत्रालय
32	ऊर्जा मंत्रालय
33	आवास और शहरी कार्य मंत्रालय
34	पशुपालन और डेयरी विभाग

35	सैन्य मामलों का विभाग
36	खान मंत्रालय
37	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
38	सहकारिता मंत्रालय
39	आर्थिक कार्य विभाग
40	राजस्व विभाग
41	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
42	संस्कृति मंत्रालय
43	उर्वरक विभाग
44	श्रम और रोजगार मंत्रालय
45	रेल मंत्रालय
46	वस्त्र मंत्रालय
47	भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग
48	उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग
49	डाक विभाग
50	गृह मंत्रालय
51	विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
52	इस्पात मंत्रालय
53	पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
54	औषधि विभाग
55	वित्तीय सेवाओं का विभाग
56	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
57	विदेश मंत्रालय
58	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
59	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

*****